**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

निष्पादन वाद संख्या 11/2024

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक बनाम सपना देवी और अन्य

**दिनांकः 28-08-2025**

वाद पुकारा गया। डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं। बार-बार पुकार कराये जाने पर भी निर्णीतऋणीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

निर्णीतऋणीगण द्वारा अपना वकालतनामा कागज संख्या 13A ग/2 दाखिल किया जा चुका है, किन्तु उसके उपरान्त भी आज निर्णीतऋणीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। डिक्रीदार द्वारा शपथपत्र कागज संख्या 17 ग के साथ प्रस्तुत सूचि कागज संख्या 16 ग में उल्लिखित निर्णीतऋणीगण की संपत्ति को कुर्क करने की प्रार्थना की गयी है। अतः डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत सूचि कागज संख्या 16 ग में उल्लिखित निर्णीतऋणीगण की संपत्ति के कुर्की हेतु अमीन को नियमानुसार परवाना जारी हो। इस निमित डिक्रीदार आवश्यक पैरवी अविलंब करें। पत्रावली दिनांक 22-09-2025 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.08.28 16:08:40 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court